| | |
|---|---|
| **SRI BHAGAWAN MAHAVEER JAIN COLLEGE**<br>Vishweshwarapuram, Bangalore.<br>**Mock Examination** – January 2020 | **Course:** I year PUC<br>**Subject:** Hindi<br>**Max. Marks:** 100<br>**Duration:** 3:15 hrs |

**सूचनाः (i) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है।**

**(ii) प्रश्नों को क्रमांक के अनुसार लिखना आवश्यक है।**

I **अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **1 x 6 = 6**

१) गौरीपुर गाँव के जमीनदार कौन थे ?

२) प्रत्येक आत्मा क्या है?

३) महादेवी वर्मा किसके न्यायालय से मिलने वाले दण्ड से परिचित हो चुकी थी?

४) ज्यातिषी कहाँ पर बैठे थे?

५) 'राष्ट्र का स्वरूप 'पाठ के लेखक कौन हैं ?

६) वैध परमानंद हर बीमारी के लिए कौन – सी दवा देते हैं ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3 x 3 = 9**

७) पत्नी की मृत्यु का डाँ. अंबेडकर पर क्या प्रभाव पडा ?

८) हार्ट अटैक के रोगी का इलाज किस तरह किया जाता है?

९) तुंगनाथ शिखर के सौदंर्य के संबंध में लेखक ने क्या कहा है?

१०) धरती 'वसुंधरा' क्यों कहलाती है?

११) वैध और प्रोफेसर के आमने–सामने आने के बाद का दृश्य प्रस्तुत कीजिए।

II **अ) निम्नलिखित वाक्यों को किसने, किससे कहा?** **1 x 4 = 4**

१२) 'बुद्धिमान लोग मूर्खें की बात पर ध्यान नहीं देते '।

१३) 'कहिए, दिल जम गया या बच गया '।

१४) 'आपका उम्मीदवार किस डिवीजन में पास है '।

१५) 'ठीक तो हो जायेगा, पर होश में नहीं आयेगा '।

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :** **3 x 2 = 6**

१६) 'मैं तुम सबसे यही चाहता हूँ कि तुम आत्मप्रतिष्टा, दलबंदी और ईर्ष्या को सदा के लिए छोड़ दो '|

१७) 'कुछ लोग बड़े निर्दोष मिथ्यावादी होते हैं'।

१८) '...पंडिताइन चाची के न्यायविधान में न क्षमा का स्थान था, न अपील का अधिकार '।

१९) 'सुबह का सिकुडा वह बालक अब तनकर जवान की तरह लग रहा था ' ।

III **अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **1 x 6 = 6**

२०) पंडित और मूर्ख एक समान कब लगते हैं ?

२१) नवीन फल नित्य कहाँ मिला करते हैं ?

२२) 'तोड़ती पत्थर' कविता के कवि कौन हैं?

२३) कवयित्री को किसने कभी नहीं रूलाया ?

२४) 'प्रतिभा का मूल बिन्दु' कविता के कवि का नाम लिखिए।

२५) कवि अपने मित्र से क्या कहता है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3 x 2 = 6**

२६) मीराबाई ने जीवन के सार तत्व को कैसे अपना लिया ?

२७) बच्चन जी ने संसार और जीवन के संबंध में क्या कहा है ?

२८) मत घबराना' कविता में प्रकृति को प्रेरणास्त्रोत क्यों कहा गया है?

२९) नारी किस प्रकार से सृष्टि का श्रृंगार है ?

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : 4 x 2= 8**

३०) ज्ञान से अज्ञान दूर होता है,
ज्योति से तमंध दूर होता है,
सत्य से असत्य दूर होता है,
पारस से लाहत्व दूर होता है,
आपके शरणों के अनुभाव से,
मेरा भव छूट गया, कूडलसंगम देव ।

**अथवा**

मानुष हों, तो वही रसखानि बसौ ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन ।
जो पसु हौं, तो कहा बसु मेरो, चरौ नित नंद की धेनु मँझारन ॥
पाहन हौं, तो वही गिरि कौ, जो धरयौ कर छत्र पुरन्दर धारन ।
जो खग हौं, बसेरो करौं मिलि कालिन्दी–कूल–कदम्ब की डारन ॥

३१) "कहाँ जन्म है तेरा ?" मैंने पूछा जब प्रतिभा से,
"महलों में ? गुलगुले गलीचों पर? गुलाब की क्यारी में ?
वृद्धों की चिंता में ? बच्चों की दंतहीन किलकारी में?
बोलो, तुम रहती कहाँ? जानने को हम सब हैं कितने प्यासे ।"

**अथवा**

दुख दैन्य अश्रु दारिद्रय धार – कर गए मुझे ही मनो–नीत
तूफान और इस आँधी में सुनवाने रज का जीव गीत ।

V **अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : 1 x 6 = 6**

३२) बालक की आँखें किसकी सौगन्ध खा रही थीं?
३३) श्मशान किससे बातें कर रहा है?
३४) लड़की की पढ़ाई कहाँ तक हुई थी ?
३५) सोसाइटी सभी फ्लैट मालिकों से प्रतिमाह रख–रखाव का कितना खर्च लेती थी?
३६) प्रतिष्ठित साहित्य संस्था ने किसको सम्मानित किया ?
३७) किसकी शादी तय हो गई थी?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3 x 3 = 9**

३८) शराबी ठाकुर सरदारसिंह को कौन–कौन सी कहानियाँ सुनाता था ?
३९) अंततः पहाड़ी ने तरस खाकर श्मशान से क्या कहा ?
४०) वीरजी के परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए ?
४१) दिल्ली में शीत लहर के प्रकोप का वर्णन कीजिए ।
४२) हिन्दी अखबार 'नई दुनिया' में छपे विज्ञापन के बारे में लिखिए ।
४३) सिद्धेश्वरी की आँखों से आँसू क्यों टपकने लगे ?

V **अ) वाक्य शुद्ध कीजिए : 1 x 5 = 5**

४४) (i) सूरदास ने इसलिए 'निन्दा सबद रसाल' कही है ।
(ii) भीमराव की विवाह रमाबाई से हुआ ।
(iii) उसके हाथ काँप रही थी ।
(iv) भीमराव अंबेड़कर हाईस्कूल में पहूँची ।
(v) लेकिन ये कथाएँ कहाँ तक कहा जाए ।

**आ) कोष्ठक में दिए गए उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए : 1 x 5= 5**
**(पर, से, के लिए , का, के)**

४५ (i) उस समय एक अछूत_______यह बहुत अनोखी बात थी ।
(ii) आँखों______आँसू छलक पडते हैं ।
(iii) इसके साथ ही जोरों__________पसीना छूटने लगता है ।
(iv) देवदारू__________पेड़ भी इधर बहुत हैं ।
(v) मंजिल________पहुँच जाने पर रोमांच हो ही आता है ।

**इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : 1 x 4 = 4**

४६. अ) अंगारों पर पैर रखना – मुख्य सहायक होना ।
आ) नींव का पत्थर होना – जानबूझ कर मुसीबत में पड़ना ।
इ) टोपी उछालना – बहुत बड़ा काम कर डालना ।
ई) तारे तोड़ लाना – किसी का अपमान करना ।

**ई) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : 1 x 3 = 3**

४७ (i) माता अपने सब पुत्रों को समान भाव से चाहती थी । (वर्तमानकाल में बदलिए)
(ii) बद्रीनाथ हमें पुकार रहे हैं । (भूतकाल में बदलिए)
(iii) सभी सिफारिशें तिरस्कृत की गई । (भविष्यत्काल में बदलिए)

**उ) अन्य लिंग रूप लिखिए : 1 x 2 = 2**

४८. विद्यार्थिनी, बैल

**ऊ) अन्य वचन रूप लिखिए : 1 x 2 = 2**

४९. कविता, उँगली

**ए) समानार्थक शब्द लिखिए : 1 x 2 = 2**

५० सहायता, तरूण

**ऐ) विलोम शब्द लिखिए : 1 x 2= 2**

५१) स्वाभाविक, उतार

VI **अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 x 5 = 5**

५२. भारत में पतंग उड़ाने का प्रचलन मुसलमानी शासन के समय से हुआ है । पतंग का आविष्कारक था – आर्चटेस । यह यूनान देश का रहने वाला था । पक्षियों को आकाश में उड़ते देखकर ही इसने पतंग जैसी वस्तु खोजने की प्रेरणा ली । यह एक बड़ी मज़ेदार बात है कि पतंग का जिस देश में जन्म हुआ, वहाँ अब पतंग उड़ाने का चलन उतना नहीं है, जितना कि एशिया के देशों में है । कई देशों में पतंग केवल सिर्फ शौक के लिए नहीं उड़ाई जाती, इसके पीछे अनगिनत विश्वास और कहानियाँ हैं । न्यूजीलैंड के माओरी नामक आदिवासियों में यह विश्वास पाया जाता है कि पतंग उड़ाने से भूत–प्रेत भाग जाते हैं । इसलिए वहाँ के लोग पतंग उड़ाने से पूर्व अपने धार्मिक मंत्रों का ज़ोर–ज़ोर से उच्चारण करते हैं । कोरिया की माताएँ अपने बच्चों का नाम और जन्म की तारीख पतंग पर लिखकर उड़ाती हैं । यह जानकर आश्चर्य होगा कि वाशिंगटन की बालचर–संस्था, बच्चों को पतंग उड़ाने की शिक्षा देती है ।

१) भारत में पतंग उड़ाने का प्रचलन किस समय से हुआ है ?
२) पतंग का आविष्कारक कौन था?
३) न्यूजीलैंड के आदिवासियों का पतंग उड़ाने के पीछे क्या विश्वास था ?
४) कोरिया की माताएँ पतंग किस प्रकार उड़ाती हैं ?
५) वाशिंगटन की बालचर संस्था, किसकी शिक्षा देती है ।

५३ आ) अपनी भूल के लिए क्षमा माँगते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए । **5 x 1 = 5**

**अथवा**

अपने प्रधानाचार्य को छात्रवृत्ति के लिए एक आवेदन–पत्र लिखिए ।

**इ) हिंदी में अनुवाद कीजिए ।** **1 x 5 = 5**

५४. a) Rabindranth Tagore established shantinikethan.
b) India will never tolerate terrorism.
c) Koutilya was a wise minister.
d) Taj mahal is a very famous monument.
e) Fresh air is very essential for our health.

******